This question paper contains 8+2 printed pages]

*Your Roll No.* ....................................

**7940**

**LL.B./IV Term** **E**

Paper LB-4033 : TAXATION—II

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *Five* questions in all,

taking at least *one* from each Part.

*All* questions carry equal marks.

प्रत्येक भाग में से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनते हुए,

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

P.T.O.

**Part—A : (Wealth Tax)**

**भाग—A : (सम्पत्ति कर)**

1. Discuss the different views of judges of Supreme Court regarding the relevant entry in the Constitution of India under which Wealth Tax Act, 1957 as amended by Finance Act, 1969 in so far as it includes the capital value of agricultural land for purposes of computing net wealth, was enacted. 20

भारत के संविधान में सुसंगत प्रविष्टि के बारे में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के विभिन्न मतों का विवेचन कीजिए जिनके अन्तर्गत धनकर अधिनियम, 1957 अधिनियमित किया गया था जिसको वित्त अधिनियम, 1969 द्वारा विशुद्ध धन के प्रयोजनों हेतु कृषीय भूमि के पूँजीगत मूल्य को समाहित करते हुए यथासंशोधित किया गया था ।

2. (*a*) State whether the following are 'assets' under the Wealth Tax Act, 1957 :

(*i*) Silver and Gold in the Jewellery shop.

(*ii*) Rs. 10 lakh lying in fixed deposit in the account of Hindu undivided family in a co-operative bank.

(*iii*) Building constructed by Mr. A on a plot of land in Delhi with the approval of Municipal Corporation of Delhi.

उल्लेख कीजिए कि क्या निम्नलिखित धनकर अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत "आस्तियाँ" हैं :

(*i*) आभूषण की दुकान में चांदी व सोना ।

(*ii*) को-ऑपरेटिव बैंक में, हिंदू अविभक्त कुटुम्ब के खाते में सावधिक जमा राशि के रूप में पड़े 10 लाख रुपए ।

(*iii*) दिल्ली नगर निगम के अनुमोदन के साथ भूखंड पर मिस्टर A द्वारा निर्मित भवन ।

(*b*) Whether the word 'Individual' under charging section 3 of Wealth Tax Act, 1957 is to be understood broadly so as to include association of persons ? Discuss in the light of decided case. 20

क्या धनकर अधिनियम, 1957 की प्रभारी धारा 3 के अन्तर्गत 'व्यक्ति' शब्द को मोटे तौर पर व्यक्तियों के एसोसिएशन को सम्मिलित करते हुए समझना पड़ता है । विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए विवेचन कीजिए ।

3. (*a*) Who is considered to be 'deemed owner' under Wealth Tax Act, 1957 in respect of properties agreed to be sold, receipt of sale consideration thereunder by vendor and delivery of possession of properties to vendee but no sale deeds has been executed or registered ? Discuss.

धनकर अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत उन सम्पत्तियों के बारे में किसको 'समझा गया स्वामी' माना जाता है जिनका विक्रय करार हुआ है, जिसके तहत विक्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की रसीद है तथा सम्पत्ति के कब्जे का क्रेता को परिदान है किन्तु जिसका कोई विक्रय विलेख निष्पादित अथवा रजिस्ट्रीकृत नहीं हुआ है ? विवेचन कीजिए ।

(*b*) Whether the value of house property purchased by Muslim wife out of her dower money can be included in the net wealth of her husband under Wealth Tax Act, 1957 ? Discuss. 20

क्या मुस्लिम पत्नी द्वारा अपनी मेहर की रकम से क्रीत गृह सम्पत्ति के मूल्य को धनकर अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत उसके पति के निवल धन में सम्मिलित किया जा सकता है ? विवेचन कीजिए ।

Discuss with the help of case law whether the following assets are exempted in the hands of assessee under Wealth Tax Act, 1957.

(*a*) A new building constructed by recognised successor of ex-ruler in the place of old dilapidated palace which was used as his official residence.

(*b*) Benz Car brought by assessee as person of Indian origin from England to reside permanently in India and then selling the car and purchasing jewellery from sale proceeds. 20

निर्णय विधि की सहायता से विवेचन कीजिए कि क्या धनकर अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत निर्धारिती के पास निम्नलिखित आस्तियाँ छूट प्राप्त हैं :

(*a*) एक पुराने जीर्ण महल के, जिसको पूर्व शासक के आधिकारिक निवास के रूप में प्रयोग में लाया जाता था, स्थान पर उसके मान्यताप्राप्त उत्तराधिकारी द्वारा निर्मित नया भवन ।

(*b*) भारत में स्थायी रूप से निवास के लिए भारतीय मूल के व्यक्ति द्वारा इंग्लैंड से लाई गई बैंज कार है जिसे बाद में विक्रय करके विक्रय-आगम से जेवरात खरीदे गए हैं ।

Discuss the distinction between Sections 19 and 19A of the Wealth Tax Act, 1957. Also discuss whether Wealth Tax Officer has jurisdiction to initiate penalty proceedings against assessee, a legal representative of the deceased under Section 19(3) of the Wealth Tax Act, 1957 ? 20

धनकर अधिनियम, 1957 की धारा 19 और 19A के बीच सुभेद का विवेचन कीजिए । इसका भी विवेचन कीजिए कि क्या धनकर अधिकारी के पास निर्धारिती-धनकर अधिनियम, 1957 की धारा 19(3) के अन्तर्गत मृतक का विधिक प्रति-निधि, के विरुद्ध शास्ति कार्यवाहियाँ शुरू करने का क्षेत्राधिकार है ?

## Part—B : (Income Tax)

## भाग—B : (आयकर)

(*a*) Define 'set off' and 'carry forward of losses' according to Income Tax Act, 1961. Is there any provision under Income Tax Act, 1961 which permit the amalgamating co-operative society to carry forward and adjust accumulated losses against profits of amalgamated co-operative society ? Discuss.

आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार ''हानियों के मुजरा और अग्रेनीत करने'' को परिभाषित कीजिए । क्या आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत कोई ऐसा प्रावधान है, जो समामेलक को-ऑपरेटिव सोसाइटी को समामेलित को-ऑपरेटिव सोसाइटी के लाभों के विरुद्ध संचयित हानियों को अग्रेनीत करने की समायोजित करने की अनुमति देता है । विवेचन कीजिए ।

(*b*) Under what situations an assessing officer has power to make an assessment to the best of his judgement under Income Tax Act, 1961 ? What are his duties in making such an assessment ? 20

निर्धारण अधिकारी के पास किन स्थितियों के तहत आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत सर्वोत्तम विवेक-बुद्धि के अनुसार निर्धारण करने की शक्ति है ? ऐसा निर्धारण करने में उसके क्या कर्तव्य हैं ?

7. Discuss the distinction between 'Search' under Section 132 and 'Survey' under Section 133A of the Income Tax Act, 1961. Also discuss whether the assessment made in favour of assessee can be quashed on the ground that the assessing officer was the same person who conducted the search ? 20

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 के अधीन 'तलाश' और धारा 133A के अधीन 'सर्वेक्षण' के बीच सुभिन्नता का विवेचन कीजिए । इसका भी विवेचन कीजिए कि क्या निर्धारिती के पक्ष में किए गए निर्धारण को इस आधार पर अपास्त किया जा सकता है कि निर्धारण अधिकारी वही व्यक्ति था जिसने तलाश की थी ?

8. "The power of assessing officer to reopen an assessment under Section 147 of the Income Tax Act, 1961 is not unlimited." Discuss the limitations on his power in the light of relevant statutory provision and case law. 20

''आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 147 के अन्तर्गत निर्धारण अधिकारी के निर्धारण को पुनः खोलने की शक्ति असीमित नहीं है ।'' सुसंगत कानूनी उपबंधों और निर्णय विधि को ध्यान में रखते हुए उसकी शक्ति की परिसीमाओं का विवेचन कीजिए ।